**खबर संक्षेप**

### कक्षा पांचवीं का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



**मानपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में संचालित देवभूमि पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम का कक्षा 5 वीं का 28 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें विद्यालय में सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षा कक्षा पांचवी में 65 प्रतिशत छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 64 छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें ऐनश्वी दहायत पिता कुशवेन्द्र दहायत 400 में 360 अंक के साथ के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान श्रीमा सिंह चौहान पिता संग्राम सिंह चौहान ने 400 में 358 अंक प्राप्त की है जिनका 89.5 रहा तृतीय स्थान अंजली पटेल पिता शिशुपात पटेल 400 में 355 अंक प्राप्त की है जिनका 88.75 प्रति. रहा। विद्यालय संचालक एवं माता पिता का तहे दिल से धन्यवाद दिया है की हमारी इस कामयाबी में माता पिता एवं विद्यालय के सहयोग से ही हम अपनी कामयाबी की ऊंचाइयों पर दिन पे दिन आगे बढ़ रहें हैं

### टाईगर रिजर्व में अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ा श्रमिक



**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र ताला अंतर्गत आमानाला हाथी कैम्प में हाथी अष्टम ने सुरक्षा श्रमिक नागेंद्र सिंह को उठाकर पटक कर कुचल दिया, जिससे सुरक्षा श्रमिक नागेंद्र सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जाता है कि सुरक्षा श्रमिक की हाल ही में आमानाला स्थित हाथी कैम्प में ड्यूटी पार्क प्रबंधन ने लगाई थी। जहां सुरक्षा श्रमिक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के पालतू हाथी अष्टम को चारा देने पास में गया, वैसे ही हाथी ने सुरक्षा श्रमिक को उठाकर पटक दिया और कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पार्क प्रबंधन ने शव को पोस्टमार्टम कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया जहां पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक नागेंद्र सिंह पिता बाबू सिंह ग्राम देवरी मझखेता का निवासी था। वहीं मामले को लेकर स्थाई कर्मी कल्याण संघ के प्रदेश सचिव विनोद भट्ट ने बाँधवगढ़ टाईगर रिजर्व के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व प्रबंधन सुरक्षा श्रमिको और निचले स्तर के कर्मचारियों पर अनैतिक दबाव बनाकर उनसे 24 घंटे और बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम ले रहा है। मृतक नागेंद्र सिंह अकुशल श्रमिक था और उसे हाथी कैम्प में कार्य करने का अनुभव नही था बावजूद इसके भी उससे वहां कार्य कराया जा रहा था, जबकि अधिकारियों को मालूम था कि हाथी मद मे है, लेकिन जानबूझकर उसकी वहां ड्यूटी लगाई गई। श्री भट्ट ने मामले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने के साथ ही नौकरी की मांग की।

### उप मुख्यमंत्री का जयसिंहनगर में हुआ स्वागत



**शहडोल।** उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का जयसिंहनगर में अरुण गौतम के घर में भाजपा के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ पटाखे फोड़ कर गुलदस्ता भेंट किए तथा माल्यार्पण एवं कमल पट्टिका पहनाकर भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। स्थानीय एवं क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में निराकरण के लिए उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया, जिसमें समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन मंत्री द्वारा दिया गया।

## वास्तु दोष या टाइल्स पसंद नहीं: सीएस ने फिजूल में फूंके लाखों

# सहायक प्रबंधक ऑफ रिकॉर्ड कर रही दायित्वों का निर्वहन








### जिला चिकित्सालय में चारों तरफ बज रहा सुल्ताना-सुल्ताना

**अभी बीते साल ही जिला चिकित्सालय में सीएस सहित सहायक प्रबंधक के कक्ष को लाखों खर्च कर अपडेट किया गया था, नये सीएस ने पदभार सम्हालते ही सहायक प्रबंधक के दुरूस्त कक्ष को वास्तुदोष या न पसंदगी जाहिर करते हुए फर्स से अर्श तक बदलने का फरमान जारी कर दिया, इससे पहले भी सीएस-सप्र की चाकरी के लिए अपना सरकारी वाहन लॉग बुक से हटकर हर दिन मेडिकल कॉलेज भेजती रही हैं। इधर शुद्ध पेयजल का आभाव, टपकती छत, प्रचंड गर्मी के बीच जनता हलाकान है।**

**शहडोल।** कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल लगातार दो से तीन वर्षो तक पूर्व सिविल सर्जन की मनमानी और कारगुजारियों से सुर्खियों में रहा, मरीजों सहित यहां पदस्थ स्टॉफ और अन्य लोगों ने उनके तबादले के बाद राहत की सांस ली, इधर बीते माह नये सिविल सर्जन की नियुक्ति के बाद उनके क्रियाकलापों पर तो उंगली नहीं उठ रही है, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ पर सहायक प्रबंधक पूजा सोनी के इशारों पर काम करने के आरोप लग रहे हैं। शासकीय राशि को दिगर के लिए पानी में बहाने की चर्चाएं और इन सब के बीच जिला अस्पताल में हिन्दी फिल्मों का एक पुराना गाना सुल्ताना-सुल्ताना......हर तरफ सुनाई दे रहा है। सिविल सर्जन पर मरीजों के लिए आये लाखों के बजट को अनावश्यक रूप से खर्च करने के आरोप लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ उसी बजट से सुविधाएं पाने के लिए सैकड़ों मरीज और उनके परिजन आज भी तरस रहे हैं।

### वास्तुदोष या टेस्ट मामला

जिला चिकित्सालय से जुड़े सूत्र बताते हैं कि बीते माह ही सिविल सर्जन के कक्ष और इससे सटे सहायक प्रबंधक के कक्ष और कायाकल्प एवं सुसज्जित करने के लिए लाखों रूपये पूर्व सिविल सर्जन के द्वारा खर्च किये गये थे, बीते सप्ताह से सहायक प्रबंधक के कक्ष में मची तोड़-फोड़ के बाद यह मामला सामने आया कि लाखों रूपये का बजट आवंटित कर किसी को टाइल्स और कक्ष के नवीनी करण का ठेका दे दिया गया है। जबकि पूर्व से लगे टाइल्स और अन्य सामग्री अभी कई सालों तक उपयोग में लाई जा सकती थी। मरीजों के सुविधाओं के लिए जिस राशि को खर्च किया जाना चाहिए था, शायद वह राशि सहायक प्रबंधक के कलर टेस्ट या फिर वास्तु के हिसाब से फिट नहीं बैठती थी।

### सीएस का वाहन या 'ओला'

बीते कुछ माहों से सिविल सर्जन का सरकारी वाहन निजी कंपनी 'ओला' की मानिंद सेवाएं देने में व्यस्त हैं। आरोप हैं कि सहायक प्रबंधक पूजा सोनी के पति मेडिकल कॉलेज में पदस्थ है और वहीं से जिला अस्पताल आने-जाने के लिए दो से तीन बार सिविल सर्जन का वाहन 'ओला' की मानिंद अपनी सेवाएं देता है। नियमतः सरकारी कार्यालय में ठेके पर लगे ऐसे वाहनों का उपयोग जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ अपने शासकीय कार्यो के लिए ही कर सकता है, अपने पारिवारिक व व्यक्तिगत उपयोग के लिए भी वाहन का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, वहीं सरकारी वाहन का नियमित लॉकबुक बुक भरा जाना चाहिए, मासिक भुगतान संबंधित फर्म को किया जाता है।

### चर्चाओं में सुल्ताना-सुल्ताना

जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन की नियुक्ति किसी की है और उनके अधिकारों का लाभ कोई और ले रहा है, इसी तरह जिला चिकित्सालय में इन दिनों गुमनाम फर्मो के नाम पर ठेके लगातार आवंटित हो रहे हैं, ठेका प्रक्रिया के दौरान कार्यालय में कोटेशन और अन्य प्रक्रिया के लिए फर्मो के मालिक तो नहीं पहुंचते, लेकिन वार्ड ब्वॉय बनाम ठेकेदार के द्वारा अलग-अलग फर्मो के नाम से तीन कोटेशन और पूरी ठेका प्रक्रिया का निर्वहन किया जाता है। वर्तमान में सहायक प्रबंधक के कक्ष के नवीनी करण का ठेका भले ही किसी फर्म को आवंटित किया गया हो, लेकिन सिविल सर्जन कार्यालय में दस्तावेजों की खानापूर्ति और चल रहे निर्माण कार्य की सामग्री और देख-रेख सहित मजदूरों से काम कराने का जिम्मा कार्यालयीन समय में ही पूरे कार्यो का निर्वहन सुल्ताना नामक वार्ड ब्वॉय के माध्यम से किया जा रहा है। मौके पर कार्य कर रहे श्रमिक ने हरिभूमि की टीम से इन आरोपों की पुष्टि भी की। दूसरी तरफ सिविल सर्जन पूरे मामले से अंजान मूकदर्शक बनी हुई नजर आ रही है।

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

उमरिया।



पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग पाली के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पाली के कुशल नेतृत्व में फरियादी कामता प्रसाद मिश्रा पिता रमेश प्रसाद मिश्रा उम्र 33 वर्ष निवासी क्वार्टर नंबर 218 डी एमपीईबी कॉलोनी मंगठार थाना पाली द्वारा 22 मार्च को एक किता लिखित आवेदन पत्र दिया गया था कि उनके गोदाम में नल-जल योजना के तहत रखी सामग्री फाल्कन समर्शियल पंप व मोटर 02 नग कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोदाम का ताला खोलकर चोरी कर ले जाने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र थाना पाली में पेश करने पर मदनलाल मरावी थाना प्रभारी पाली के द्वारा डे अधिकारी से धारा 331(4) 305 (ए ) बीएनएस कराकर मामला चोरी जैसी संगीन अपराध पाए जाने पर अग्रिम विवेचना के लिए सहायक उप निरीक्षक ताराचंद बघेल, प्रधान आरक्षक कमलेश अहिरवार, आरक्षक धर्मेंद्र मिश्रा दौरान विवेचना संदेही आरोपियों से पूछताछ करने पर संदेही आरोपी अंकित साहू पिता स्वर्गीय कंछेदी लाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 झिरिया मोहल्ला पाली हाल निवासी वाली प्रोजेक्ट पाली के द्वारा गोदाम में रखी दो नग फाल्कन कंपनी की समर्सिबल पंप को चोरी कर अपने दोस्त संदीप असाटी निवासी पाली प्रोजेक्ट के यहां घर में रख देना पाया गया, प्रकरण सदर में दौरान विवेचना के आरोपी अंकित साहू के विरुद्ध धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस एवं आरोपी संदीप असाटी के विरुद्ध धारा 317 (2) बीएनएस के तहत पाए जाने पर चोरी गई सामग्री समर्सिबल पंप मौके से जप्त कर व गिरफ्तार आरोपी अंकित साहू को न्यायालय जेएमएफसी पाली में रिमांड पर पेश किया गया। प्रकरण में निरीक्षक मदनलाल मरावी, सहायक उप निरीक्षक ताराचंद बघेल, प्रधान आरक्षक ,कमलेश अहिरवार तथा आरक्षक धर्मेंद्र मिश्रा , संदीप सिंह साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

## महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाएं बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा: शुक्ल
## बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज तक के मार्ग का तेजी से कराएं चौड़ीकारण

### बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सामान्य सभा बैठक संपन्न

शहडोल।



उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में शुक्रवार को बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने डीन मेडिकल कॉलेज डॉ गिरीश बी रामटेके को निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके।

बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल संभाग के शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से निरोगी काया अभियान की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत डोर टू डोर जाकर लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, डायबिटीज एवं अन्य बीमारियों की जांच की जानी थी। उप मुख्यमंत्री ने एमएमआर एवं आईएमआर की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए की गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए तथा समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराएं, जिससे आने-जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने महाविद्यालय में मरीजों को मिलने वाली आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय में इकोकार्डियोग्राफी, जनरल सर्जरी, टेली मेडिसिन, रेडियो डायग्नोसिस, ब्लड बैंक सहित अन्य डिपार्टमेंट की भी जानकारी ली।

## नाली निर्माण बिना सड़कों पर बह रहा पानी, आवाजाही में कठिनाई
## बस्तियों में पानी व सफाई की भी समस्या, नगर पालिका उदासीन बनी

शहडोल।





नगर के 39 वार्डों में कुछ ऐसे भी वार्ड हैं जहां आज तक अधोसंरचना का ही समुचित ढंग से विकास नही हुआ है। कहीं सडक़े नहीं, तो कहीं नालियों का अभाव है। निस्तारी पानी सडक़ों पर बहता रहता है। कुछ वार्डों में पानी की भी समस्या है। वार्ड नंबर 28/ 37 पुरानी बस्ती कल्याणपुर रोड इंडियन गैस गोदाम के पास नालियों का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया, जिससे यहां पर निस्तारी पानी सडक़ों पर बह रहा है। कीचड़ पानी के फैलाव के कारण लोगों को आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में नागरिकों ने कई बार नगरपालिका का ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि वार्ड पार्षद ने जानकारी दी थी कि नालियों के लिए जल्द ही टेण्डर होने वाला है, लेकिन न तो टेण्डर का पता चल रहा है और न नाली निर्माण होता दिखाई पड़ रहा है। वास्तव में नगरपालिका वार्ड की नागरिक सुविधाओं के विकास के संदर्भ में उदासीनता बरत रही है, जिससे लोग क्षुब्ध हैं और शिकायतें करते हैं।

### पानी की समस्या भी

बताया गया कि वार्ड की कुछ बस्तियां ऐसी हैं जहां आज तक पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। कई जगह तो नलों की पाइप लाइन ही नहीं बिछी है तो कहीं नलों में फोर्स बहुत कम रहता है। जबकि पुरानी बस्ती के सभी वार्डों को पर्याप्त पानी प्रदान करने के लिए इसी वार्ड में वर्षों पहले पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। टंकी बनने का भी इन बस्तियों को कोई लाभ नहीं मिला। लोगों को आज भी हैण्डपंपों पर आश्रित रहना पड़ता है। इस बारे में भी नगरपालिका से कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है और लोग परेशानी से जूझ रहे हैं। खासतौर पर गर्मी के दिनो में यहां बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### नालियों की दुर्दशा हो रही

कल्याणपुर रोड जैसी बस्तियों में जहां नालियां बनी ही नहीं वहां तो पानी के बहाव की समस्या है ही साथ ही उन जगहों में भी समस्या दिखाई पड़ती है जहां नालियां बनी हुई हैं। वर्षों पहले बनी इन नालियों की न तो मरम्मत कराई जाती है और न नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाती है। नालियों में मलबा जाम रहता है और पानी सडक़ पर बहने लगता है। इन बस्तियों में सफाईकर्मी महीनो में कभी आते हैं। कचरा संग्रह वाहन की आवक भी पता नहीं चलती है, कहा जाता है कि पुरानी बस्ती में कचरा संग्रह वाहन पहुंच रहे हैं लेकिन कई बस्तियां ऐसी हैं जहां लोग कचरा नालियों में ही फेंक देते हैं यहां कचरा संग्रह वाहन नहीं आ पाता है। सडक़ों पर कभी झाड़ू नहीं लगाई जाती है। सफाई के मामले में पुरानी बस्ती के वार्ड काफी पिछड़े हुए हैं।

### फॉगिंग नहीं होती है

पुरानी बस्ती में गंदगी की समस्या होने से मच्छरों का काफी प्रकोप दिखाई पड़ता है। यहां मच्छर उन्मूलन के लिए कभी फॉगिंग मशीन नहीं आती है, लोगों को मच्छरों के कारण घर में रहना कठिन हो जाता है। जबकि नगरपालिका का दावा है कि समय समय पर नगर के सभी वार्डों में फागिंग कराई जाती है। मच्छरों का प्रकोप बढऩे से संक्रामक बीमारियों की बढ़ोत्तरी होती है, इसलिए नियमित रूप से फॉगिंग कराने की आवश्यकता होती है। वार्ड नंबर 28/37 में नालियों के साथ ही पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। लोगों ने मांग की है कि वाटर सप्लाई के लिए शीघ्र ही पाइपों का विस्तार कराया जाए और सार्वजनिक नलों व निजी नलों की व्यवस्था कराई जाए। ताकि लोगों को पानी की कठिनाई नहीं हो।

### 500 लोको पॉयलेट का होगा प्रमोशन
### विवादित चिकित्सक का होगा तबादला

**शहडोल।** 28 मार्च 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ द्वारा बिलासपुर स्थित डीआरएम ऑफिस के बाहर एक महत्वपूर्ण गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) और महाप्रबंधक के माध्यम से बीकानेर में पारित प्रस्तावों को रेल मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में सभी हेड क्वार्टर से आए कर्मचारियों ने मंच पर आकर अपनी समस्याओं का उल्लेख किया और उनके समाधान के विषय में चर्चाएं कीं। इसके बाद, एक प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक महोदय को ज्ञापन सौंपने के लिए आगे बढ़ा। मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया, जबकि महाप्रबंधक को ज्ञापन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री संतोष पटेल द्वारा सौंपा गया।

ज्ञापन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख तौर पर कर्मचारियों के प्रमोशन के मामले पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा आश्वासन दिया गया। उन्होंने बताया कि सहायक लोको पायलट्स के लिए अप्रैल से लगातार ड्राइवर प्रमोशन बैच भेजा जाएगा। इसके अलावा जिन कर्मचारियों ने लॉबी ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है, उन्हें अगस्त महीने से रिलीज करने का आश्वासन भी दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने लगभग 500 लोको पायलट पद के प्रमोशन देने की जानकारी दी। बैठक में ट्रैक मेंटेनर भाइयों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के आग्रह पर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि आगामी एक या दो महीनों में ट्रैक मेंटेनर भाइयों को साइकिल भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही, कर्मचारियों की पेट्रोलिंग बीट को 16 से 12 किलोमीटर करने की अनुशंसा भी की गई।

ज्ञापन में शहडोल जिले को ट्राइबल घोषित किए जाने की मांग पर भी ध्यान दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने शहडोल और बुढार में कार्यरत कर्मचारियों को ट्राइबल अलाउंस दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, कोरबा और ब्रजराज नगर के सहायक लोको पायलटों की 60,000 किलोमीटर पूरी न होने की समस्या पर उन्होंने पैनल में समायोजन की बात कही और हेडक्वार्टर से चर्चा कर स्थायी समाधान निकालने का वादा किया।

बैठक में उपस्थित श्री संतोष पटेल ने कहा, हमारी मांगें कर्मचारियों के हित में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि प्रबंधन सभी मुद्दों का गंभीरता से समाधान करेगा। कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का उचित मूल्यांकन होना चाहिए। इस प्रकार, यह गेट मीटिंग न केवल कर्मचारियों की समस्याओं को उजागर करने का एक मंच बनी, बल्कि प्रबंधन द्वारा समाधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का भी संकेत दिया। आने वाले समय में, कर्मचारियों को उम्मीद है कि उनकी समस्याएं जल्द ही हल होंगी, जिससे कार्यस्थल का माहौल और बेहतर हो सकेगा। गेट मीटिंग के अंत में, कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज उठाई और प्रबंधन से उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा की। इस प्रकार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने सुनी आम जनों की समस्यायें



**उमरिया।** मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह ने निज निवास उमरिया में जिले के दूर-दराज से आए आमजनों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर बडी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

### करकेली जनपद स्तरीय समिति गठित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के समुचित क्रियान्वयन संस्थागत व्यवस्था और सहभागी हेतु जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली समन्वयक, अनुविभागीय अधिकारी वन, अनुविभागीय अधिकारी जल संसधन, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, करकेली, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी करकेली, वरिष्ठ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग करकेली, संगीता सिंह सरपंच ग्राम पंचायत करकेली, गोविद प्रसाद गौतम सरपंच पठारी, सोनू गुप्ता सरपंच हर्रवाह, विक्राल सिंह सरपंच किरनतालकला, मनीष सिंह सरपंच महिमार, दीपक नामदेव सील स्वयं सेवा संस्थां सिलौडी तथा अनुराग तिवारी पर्यावरण संरक्षक सदस्य होगे ।

### मानपुर जनपद स्तरीय समिति गठित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के समुचित क्रियान्वयन संस्थागत व्यवस्था और सहभागी हेतु जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर समन्वयक, अनुविभागीय अधिकारी वन, सीएमओ मानपुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी मानपुर, वरिष्ठ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मानपुर , सावित्री सरपंच मझखेता, सौखी लाल यादव यरपंच पटेहरा, अजय सिंह सरपंच पटेहरा, गेंदा बाई सरपंच डोडका, राम पाल सिंह सरपंच पतौर, कल्याण यादव उत्सव ग्रामीण विकास सेवा संस्थान रक्शा तथा देव प्रकाश गौतम जया सेवा समिति पडवार सदस्य शामिल है ।

### गेहू विक्रय के लिए किसानों ने कराया पंजीयन

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में गेहूं विक्रय के लिए अब तक 10054 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है । जिले में गेहूं खरीदी केन्द्रों की संख्या 35 है । गेहू विक्रय के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है । उन्होने जिले के किसानों से अपील की है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन व्दारा नियत तिथि तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए अपना पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र कियोस्क सेंटर में करावे ।

### पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं संस्था प्रमुख पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के मार्गदर्शन में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर अभय पांडे (प्राचार्य मॉडल कॉलेज उमरिया) द्वारा व्याख्यान दिया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस उमरिया मुकेश वैश्य , उप पुलिस अधीक्षक हिमांशु चौबे,उप पुलिस अधीक्षक करण सिंह मरावी,एडीपीओ जितेंद्र अग्निहोत्री,एडीपीओ राजवीर गुर्जर,रक्षित निरीक्षक श्रीमती लवली सोनी एवं संस्था के समस्त अधिकारी/कर्मचार उपस्थित रहें।

# जल गंगा संवर्धन में सरकार और समाज की सहभागिता आवश्यकः मुख्यमंत्री

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निमाण आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों सजग रहें, यह आवश्यक है। इस उद्देश्य से प्रदेश में तीन माह अवधि का जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार की शाम मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया।

इस अवसर पर उमरिया एनआईसी में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अखिलेश पांडेय, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान को सफ़ल बनाने के लिए कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सभी




जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव के कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान में जिला प्रशासन का अमला और विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मिलकर कार्य करें। उल्लेखनीय है कि अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास, उद्यानिकी, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, संस्कृति, जनसंपर्क, राजस्व, वन विभागों के साथ ही जन अभियान परिषद को प्रमुख सहभागी विभाग बनाया गया है। अभियान की स्थानीय रणनीति के अनुसार जिलों में अन्य विभागों का सहयोग कलेक्टर स्तर पर लिया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े स्थान, विशेष रूप से नर्मदा के किनारे स्थित धार्मिक स्थानों में स्वच्छता और नदियों के घाटों की सफाई का कार्य किया जाए। छोटी नदियों और अन्य जल संरचनाओं के सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता के कार्य निरंतर किए जाएं। प्रमुख धार्मिक केन्द्रों एवं ग्रामों में स्थित मंदिरों के परिसर में भी श्रृद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

**पर्व-त्यौहारों के लिए करें आवश्यक तैयारियां**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी पर्व त्यौहार पर कानून व्यवस्था की स्थिति सुधर बनाए रखने के निर्देश प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चेटीचंड और वर्ष प्रतिपदा के कार्यक्रम होंगे वहीं चौत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। इसके साथ ही 31 मार्च को ईद भी है। इन सभी पर्व-त्यौहारों के दृष्टिगत जिलों में प्रशासनिक अमला सजग और सक्रिय रहे। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यदि विद्यार्थियों की कोई परीक्षा नजदीक है तो उस दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार प्रयोग हो। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर होने वाली गतिविधियों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत, वैदिक गणित काल गणना की प्राचीन भारतीय पद्धति पर भी चर्चा की।

# योजना बनाकर पेड़ लगाए जल बचाए, प्लास्टिक घटाएं




### पेड़ लगाए, जल बचाए, पॉलिथीन घटाए हरित भविष्य की ओर एक कदम

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा जिले के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में हरित संगम कार्यक्रम का आयोजन डॉ.के.सी.सोनी सिविल सर्जन जिला अस्पताल उमरिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विजय अग्रवाल विभाग संघचालक शहडोल, मुख्य वक्ता डॉ अभय पांडे वरिष्ठ अध्यापक आदर्श महाविद्यालय उमरिया, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश शर्मा जी अध्यक्ष प्रयासम फाउंडेशन चंदिया, मातृ शक्ति ज्ञानेश्वरी कुशवाहा , और कथावाचक श्रीकांत तिवारी जी मंचसीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत मां की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन के साथ में किया गया, साथ ही तुलसी माता का पूजन किया गया, इसके पश्चात शांति मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जन अभियान परिषद के छात्राओं के द्वारा पर्यावरण गीत की प्रस्तुति की गई,

कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि डॉ.के.सी.सोनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर प्रकाश डालते हुए कैसे उसके रोकथाम पर कार्य किया जाए, इस विषय के बारे में बताया गया। उसके पश्चात विजय द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की रूप रेखा को बताते हुए 3पी के विषय में चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ.अभय पांडे के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के रोकथाम के लिए कैसे कार्य किया जाए और आगामी दिनों में समाज के समस्त जाति पंत मिलकर इस की योजना बनाकर पेड़ लगाए, जल बचाए, प्लास्टिक घटाए, इन तीनों आयाम में कार्य करना है इस विषय पर वृहत चर्चा की गई। एनजीओ से राकेश शर्मा के द्वारा अपना अनुभव बताया गया कि वह कथली नदी के पुनरुत्थान के लिए कैसे कार्य किया इस विषय पर बताया गया। मातृ शक्ति ज्ञानेश्वरी कुशवाहा जी के द्वारा अपने कार्य अनुभव बताया कि वह पिछले 5 वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं है और विशेष रूप से मुनगा की खेती के लिए कार्य कर रही है।

इसके पश्चात उमरिया जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष कार्य कर रहे पर्यावरण योद्धाओं का सम्मान पत्र और शाल श्री फल से सम्मान किया गया जिसमें जिले से मुख्यरूप से 11 पर्यावरण योद्धाओं जिनमें डॉ नागेंद्र सिंह तिवारी, राजेश पांडे, मनोज कुशवाहा, प्रयासम फाउंडेशन चंदिया, उत्सव ग्रामीण विकाश सेवा संस्थान मानपुर, गायत्री कुशवाहा, पैगाम फाउंडेशन उमरिया, ठाकुर राम साहू, ज्ञानेश्वरी कुशवाहा, श्रीमति विनीता भिवानिया, युवा हिमांशु तिवारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सह संयोजक दीपक नामदेव जी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया, और कल्याण मंत्र के पश्चात कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**उमरिया।** सात दिवसीय विशेष शिविर 2025 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आर. व्ही. पी. एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया (प्रकोष्ठ) रासेयो सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिवस की सुबह अधिनायक शिवा सिंह सिंगर के द्वारा विसल बजाकर प्रारंभ हुई शिवरा के अंतिम दिवस में सभी शिव आरती उत्साह और संवेदना के मिश्रित अनुभव को अपने हृदय में संभाल कर सभी ग्राम वासियों के बीच प्रभात फेरी के लिए माध्यमिक विद्यालय से निकले और सारे गांव का चक्कर लगाकर भजन कीर्तन कर माध्यमिक विद्यालय परिसर में वापस लौटे और रोल कॉल पर उत्कृष्ट अनुशासन का परिचय देते हुए एकत्र हुए। विशेष शिविर के अंतिम दिवस पर योग अधिकारी जितेन्द्र कुमार के द्वारा सूर्य नमस्कार, कुंभक, वज्रासन, प्रारंभिक धनुरासन, शवाशन और व्यायाम का अभ्यास और विश्लेषण अपने निर्देशन में सभी शिवरार्थियों के साथ सूर्य को नमन करते हुए योग और व्यायाम सम्पन्न किया। सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविन्द साह बरकड़े, सह कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार और कोर टीम के सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकों ने स्वल्पाहार बनाया और सामूहिक स्वल्पाहार किया। परियोजना कार्य के दौरान ग्राम पंचायत उजान का सर्वेक्षण समूह क्रमांक 1 और 2 के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया, तत्पश्चात माध्यमिक विद्यालय उजान में श्रम दान किया गया और परियोजना कार्य को सम्पन्न किया गया।

दीक्षांत समारोह का आरम्भ रोल कॉल की व्हिसिल के साथ हुआ । कार्यक्रम में पी. एम. कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शा. आर. व्ही. पी. एस.स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया की



प्राचार्य महोदया डॉ. विमला देवी मरावी ने कहा जीवन में अनुशासन का बहुत बड़ी भूमिका होती है और राष्ट्रीय सेवा योजना में इसी गुण को पुरजोर तरीके से मानव जीवन में ढालना सिखाया गया है, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द साह बरकड़े ने संस्था प्रमुख, प्राध्यापक गण और ग्राम पंचायत उजान के सरपंच को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को आभार प्रकट किया, सह कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक संजीव शर्मा ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर जिस सफलता के साथ संपन्न हुआ उनकी अपेक्षाओं से भी कई अधिक मेहनत, श्रम, और अनुशासन के साथ सभी शिविरार्थियों ने अपने उद्देश्यों को पूर्ण किया, डॉ. पी. डी. रावत ने कहा कि धूप बुरी या छाया अच्छी नहीं होती छांव का महत्व धूप से ही होता है इसीलिए सभी प्रकार के अनुभव जीवन में अपना अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते है, डॉ. रमेश प्रसाद कोल, श्री सतीश कुमार वर्मा, डॉ. देवेश कु. अहिरवार, डॉ. तुलसी रानी, राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने अपनी अपनी शुभकामनाएं स्वयंसेवकों को ज्ञापित किया, मंचासीन रहे प्राचार्य महोदया द्वारा सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकों/ स्वयंसेविकाओं को प्रमाण - पत्र , स्मृति चिन्ह और पुरस्कार वितरित किए गए तत पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का औपचारिक समापन अधिनायक शिवांश सिंह सेंगर और याशिका श्रीवास्तव द्वारा शासन का ध्वज उतार कर संस्था प्रमुख प्राचार्य महोदया डॉ. विमला देवी मरावी को सौंपा गया, एतद प्राचार्य महोदया द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े को सौंपा गया और राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का औपचारिक समापन किया गया।

### सांई मंदिर चचाई की चोरी के फरार आरोपी गिरफ्तार



**चचाई।** फरियादी राजेश कुमार चतुर्वेदी (पुजारी सांई मंदिर) चचाई ने दिनांक 02/01/25 को थाना चचाई में रिपोर्ट किया था कि रात 09.00 बजे मैं सांई मंदिर चचाई में पूजा पाठ के बाद चैनल गेट में ताला बंद कर घर चला गया था सुबह 07 बजे मंदिर आया तो मंदिर का ताला टूटा था मंदिर के अंदर से सांई भगवान की मूर्ति में लगा चांदी का मुकुट, चांदी की छतरी, पीतल की कृष्ण भगवान, लक्ष्मी, गणेश जी की छोटी छोटी मूर्ति तथा मंदिर में लगा साउण्ड सिस्टम बाक्स दो नग व स्टेपलाईजर नहीं था कोई अज्ञात चोर 40 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना चचाई में अपराध क्र0 02/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर माल मुलजिम की पतारसी की गयी। 20/01/25 को आरोपी रंजीत पटेल पिता अशोक पटेल निवासी इमली टोला बुढार के कब्जे से चांदी का मुकुट एवं चांदी की छतरी कीमती 28,000/- रूपये की बरामद की गयी थी। आरोपी गणेश बैगा फरार हो गया था जिसे गिरफ्तार कर आज दिनांक 28/03/25 को गणेश बैगा पिता विजय बैगा उम्र 21 साल निवासी छिरहाई टोला लालपुर थाना बुढार के कब्जे से शेष चोरी का सामान साउण्ड सिस्टम बाक्स स्टेपलाईजर बगैरह कुल कीमती 11500/- रूपये का माल बरामद कर आरोपी को जे आर पर माननीय न्यायालय अनूपपुर पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी सुमित करकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना चचाई से निरीक्षक राकेश उइके सउनि कमलेश सिंह चौहान, प्रआर विकास दहायत, अशोक बर्मन, आरक्षक दीपक मंडलोई, राकेश व्दिवेदी की भूमिका रही।

# राजनगर में आज से प्रारंभ होगा श्री शतचण्डी एवं श्री रुद्र महायज्ञ

## आज से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन होगी श्रीमद् भागवत कथा



**राजनगर।** पिछले 23 वर्षों की भॉति इस वर्ष भी मां काली मंदिर प्रांगण न्यू राजनगर ( थाना के पास ) मे वर्ष प्रतिप्रदा चैत नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री श्री 1008 श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं श्री रुद्र महायज्ञ (श्री शिवशक्ति महायज्ञ) का भव्य आयोजन राजनगर उपक्षेत्र परिवार के द्वारा किया जा रहा है। इस भव्य वैदिक अनुष्ठान को सम्पन्न कराने दिव्य संत एवं विद्ववानों द्वारा आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनावें यज्ञ संरक्षक श्री श्री 100 श्री शेषनारायणाचार्य जी महाराज द्वारिकाधीश अस्सी, वाराणसी, श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य विनय शुक्ल जी महाराज श्री धाम वृंदावन, उत्तरप्रदेश, यज्ञाचार्य श्री हरि गोविंद शास्त्री, राजेश्वर संस्कृत विद्यालय, विश्वनाथ गली वाराणसी शामिल होंगे। 30 मार्च रविवार को कलश यात्रा प्रातः 8.00 बजे मण्डप प्रवेश अखण्ड ज्योति प्रज्वलन, कलश स्थापना, 31 मार्च सोमवार से प्रतिदिन देव पूजन, हवन, शिवशिक्ति पाठ एवं चण्डी पाठ 6 अप्रैल रविवार पूर्णाहूति एवं महाभण्डारा संपन्न होगा। राजनगर उपक्षेत्र परिवार, एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र तथा पूजा कमेटी ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवे तथा प्रतिदिन इस भक्तिमय कार्यक्रम में उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में इस भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लेवे तथा कार्यक्रम को सफल बनावे।

### महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में हरित जीवन, हरित सोच प्रदर्शनी का समापन



**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय हरित जीवन, हरित सोच प्रदर्शनी का समापन सामारोह 28 मार्च को संपन्न हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सोनवानी ने कहा, पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। हमें अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना चाहिए। ईको क्लब प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण-संवर्धन से जुड़ी विभिन्न तकनीकों और उपायों को न केवल सीखा, बल्कि इन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नवाचारों, पोस्टर, मॉडल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े शोध कार्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के अंतर्गत कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, जैव विविधता संरक्षण, वृक्षारोपण आदि विषयों पर विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में ईको क्लब के सदस्यों डॉ. प्रवीण कुमार यादव. डॉ. राजकुमार रैदास एवं सुश्री कृति मरावी के अलावे डॉ. श्रीकांत मिश्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया गया।

### शोभायात्रा में झूमे भगवान झूलेलाल के भक्त



**कोतमा।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूले लाल की जयंती शनिवार को परंपरागत ढंग से धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकालकर श्रद्धालुओं ने बैंडबाजे की धुन पर डांडिया किया और भजन-कीर्तन कर भंडारा का आयोजन किया। कार्यक्रम का समापन भगवान झूले लाल की अखंड ज्योति को नदी में विसर्जित कर किया गया। सिंधी समाज ने भगवान झूले लाल की जयंती पर आजाद चौक के पास स्थित गुरुद्वारा से शोभायात्रा शुरू की गई जो नगर के प्रमुख मार्गो में निकाली गई। बैंडबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भगवान झूले लाल की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। सबसे आगे रथ पर भगवान झूलेलाल की अखंड ज्योति चल रही थी। श्रद्धालु नाचते-गाते और अपने आराध्य की जय-जयकार करते चल रहे थे। शोभायात्रा का समापन गुरूद्वारा में हुआ। यहां भजन-कीर्तन के बाद सभी ने भंडारा छका और अंत में अखंड ज्योति को नदी में विसर्जित किया। सिंधी धर्मशाला में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झूलेलाल जयंती के अवसर पर शोभायात्रा में सिंधी समाज के युवा बुजुर्ग महिलाएं एवं बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए।

# सरई व करनपठार पुलिस ने शराबी वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**राजेन्द्रग्राम।** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के मार्ग दर्शन एवं निरी. पी. सी कोल थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में उप निरी. मंगला प्रसाद दुबे चौकी प्रभारी सरई के हमराह प्रआर. कृष्ण कुमार पटेल, राम धनी तिवारी, राम प्रसाद सिंह एवं आर. साहब सौर, विनोद जाटव, विनोद कुमार के द्वारा NH 543 में वाहन चालको के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने की शिकवा शिकायत पर हमराह स्टाफ के वाहन चैकिंग के दौरान ट्रेलर ट्रक



क्रमांक CG 04 YA 8431 के चालक -उमेश कुमार गौतम पिता स्व. राम बचन गौतम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मुगलपुरा था. पीपराईच जिला गोरपपुर उ. प्र., ट्रक क्रमांक UP 70 GT 5872 के चालक- सुबेदार सिंह पिता राजबहोर सिंह उम्र 34 वर्ष नि. त्यौथर जिला रीवा (म. प्र.) को शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर उपरोक्त चालको के विरूद्ध धारा 185 मो. व्हीकल एक्ट की कार्यवाही किया जाकर उक्त दोनो वाहनो को जप्त करक चौकी परिसर खडा कराया गया है जिसे प्रकरण को माननीय न्यायालय में पेश किया जाता है।

### चेक बाउंस मामले के फरार वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय किया गया पेश



**रामनगर।** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा कॉबिंग गस्त कर अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने तथा माननीय न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में चल रहें फरार वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके अनुपालन में 29.03.25 को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा जिला अनूपपुर द्वारा जारी प्र0 क्रं0 54/23 धरा 138 पार.लि.अधि. के गिरफ्तारी वारण्टी राजकुमार कोल पिता फक्कर कोल उम्र 46 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोतमा में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर उपनिरीक्षक सुमित कौशिक के कुशल नेतृत्व में प्रआर अमर सिंह, आर0 विनोद मरावी का सराहनीय योगदान रहा।



### 6 फीट का निकला जहरीला सर्प, फैली सनसनी

**कोतमा।** नगर के समीपी गांव बुढ़ानपुर में नीरज सोनी के घर के पास मंदिर में 6 फीट के जहरीले सर्प के निकले जाने से आसपास सनसनी फैल गई। मंदिर में जहरीले सांप के देखे जाने से जहां लोग डर गए वहीं दूसरी ओर मंदिर में सर्प आने से श्रद्धालुओं के द्वारा आस्था से भी जोड़ा गया। घटना की सूचना पूरे गांव में फैलते हुए भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना सर्प प्रहरी हरिवंश पटेल को भी दी गई जिसके बाद हरिवंश पटेल के द्वारा 2 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद उक्त जहरीले सर्प को काबू में करते हुए सुरक्षित जंगल की ओर छोड़ा गया। बताया गया कि उक्त जहरीला सर्प डंडा करायल प्रजाति का रहा।

### आज थाना परिसर में होगी शांति समिति की बैठक

**कोतमा।** आगामी दिनों में पडने वाले त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को थाना परिसर में दोपहर 2:30 बजे से शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल होंगे। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। जिसमें त्योहारों की व्यस्था को लेकर सभी के सुझाव एवं विचार आमंत्रित है।

## खबर संक्षेप



### अपील प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने लोक सूचना अधिकार अन्तर्गत प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को लोक सूचना अधिकार अन्तर्गत सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया,साथ ही सभी प्रकरणों की जानकारी की सूची तैयार कर सभी शाखा प्रभारियों को दिए जाने के भी निर्देश दिये हैं,श्री दुबे ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि लोक सूचना अधिकार अधिनियम अन्तर्गत आवेदक को जो जानकारी दी जा सकती है वो समय सीमा में दें एवं जो नहीं दी जा सकती उनके संबंध में भी आवेदक को अवगत करायें,अनावश्यक कोई भी प्रकरण लंबित ना रखें। बैठक के दौरान उपायुक्त पी.के अहिरवार,प्र. लोक सूचना अधिकारी संजय सोनी, बालमुकुन्द बहरे एवं लिपिकों की उपस्थिति रही।

### थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**कटनी।** कुठला थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र के द्वारा शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों ही धर्म के गणमान्य जनों को आमंत्रित कर उन्हें पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए कहा गया।

### साधूराम स्कूल से हजारों की सामग्री ले गए चोर

**कटनी।** कोतवाली थाना से चंद कदम की दूसरी पर स्थित साधूराम स्कूल में चोरो ने अपनी करतूत दिखाते हुए सामग्री पार कर दी। अज्ञात बदमाशों ने स्कूल से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। वारदात का पता दूसरे दिन उस समय लगा जब स्टाफ स्कूल पहुंचा। चोरी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक साधूराम स्कूल में विगत 24 मार्च को अज्ञात चोरों ने स्कूल के अंदर प्रवेश किया और स्कूल के अंदर से कम्प्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू एवं प्रोजेक्टर का सेटप पार कर दिया। जिसकी कीमत करीब 45 हजार रूपए आंकी गई है। शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 303(2) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया है और पतासाजी शुरू कर दी है।

### हिंदू नव वर्ष पर त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन

**कटनी।** हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर विहिप बजरंग दल 31 मार्च को शौर्य संचलन सहित विशाल त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन किया है समस्त हिंदू समाज का आवाहन किया है। इस पूरे आयोजन को लेकर जिले में एक बैठक का आयोजन पूर्व किया गया है बैठक में त्रिशूल दीक्षा समारोह को लेकर रूप रेखा बनाई गई साथ ही पूरे कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई जिला मंत्री राहुल दुबे ने बताया कि 31 मार्च को समूचे जिले का एक विशालतम कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है ये कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि के अवसर पर किया जा रहा है त्रिशूल दीक्षा समारोह जिले में पहली बार किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में जिले से कार्यकर्ता एकत्रित होगे साथ ही संपूर्ण हिंदू समाज को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है कार्यक्रम में सर्व प्रथम नगर के मुख्य मार्गो में शौर्य संचलन यात्रा संपन्न होगी इसके बाद बस स्टैंड में बने ऑडिटोरियम में त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न होगा साथ संचलन बस स्टेंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए साधुराम में समाप्त होगी।

# मंत्री ने अपने रिश्तेदार को दिलाया 2 संभागों का प्रभार

ब्यौहारी






शहडोल जिले के अंतर्गत व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश नल जल योजनाएं बंद सालों से उनकी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है कारण यह है कि पहले व्यावहारिक एसडीओ अफजल खान हुआ करते थे वह काफी सक्रिय अधिकारी उनके प्रयासों से पीएचडी विभाग द्वारा कई नल जल योजनाएं संचालित होने लगी थी और लोगों को घर-घर पानी मिलाने लगे था लेकिन काम करने वाले अधिकारी अफजल खान जिनका मूल पद एसडीओ था उनको पहले शहडोल जिले का कार्यपालन यांत्रिक बनाया गया उसके बाद उनका ट्रांसफर डिंडोरी जिले में कर दिया गया उनके स्थान पर विभाग की मंत्री संपत्तिया उईके द्वारा अपने रिश्तेदार एच एल धुर्वे को शहडोल में पदस्थ किया गया सूत्रों की माने तो धुर्वे पीएचईडी विभाग की मंत्री संपत्तिया उईक के रिश्तेदार हैं इतना ही नहीं उन्हें शहडोल के साथ रीवा संभाग का भी प्रभार दिला दिया गया अब वह शहडोल संभाग के अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री है एवं रीवा संभाग के भी अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री उनके द्वारा कोई काम नहीं किया जाता इसी तरह से विजय केसरवानी जिनका मूल पदों के यंत्री है उनको बुढ़ार में एसडीओ का चार्ज दिलाया गया उसके बाद अब ब्यौहारी में भी एसडीओ का चार्ज दिलाया गया जो नियम विरुद्ध है जो व्यक्ति स्वयं एक जगह चार्ज में है वह दूसरी जगह कैसे उसी पद पर चार्ज में हो सकता है अब सबसे बड़ा सवाल है कि दो-दो संभागों में वह कैसे काम कर पा रहे होंगे क्या रीवा संभाग में कोई एसडीओ रैंक का अधिकारी नहीं है जिसको कार्यपालन यंत्री ,अधीक्षक यंत्री का प्रभार दिया जा सके या फिर यदि इतने योग्य हैं कि उनको दो संभागों का प्रभारी बनाया गया है यदि वह इतने ही योग्य है तो अपने विधानसभा क्षेत्र और अपने जिले में मंत्री क्यों पदस्थ नहीं करती दूसरे जिले की नल जल योजनाओं को क्यों बर्बाद कर रहे हैं क्या शहडोल जिला ही इतना असहाय है कि यहां जो करना हो करो यहां के भाजपा नेता कुछ नहीं कर सकते और मौन बने रहेंगे क्योंकि उनको अपना ठेका छूटने का जो डर है जिले के लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला से ऐसे लापरवाह अधीक्षण यंत्री को तत्काल हटाए जाने की मांग की है

## सरस्वती विद्यालय बिरसिंहपुर पाली का शतप्रतिशत रहा परीक्षा







बिरसिंहपुर पाली

पाली का प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया का कक्षा पांचवी एवं आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा कक्षा पांचवी में बहन हबीबा सिद्दीकी 79% एवं कक्षा आठवीं में भूमेश्वरी कुशवाहा 89.3% ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार गृहपरीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी शतप्रतिशत रहा जिसमें कक्षा अरुण में अर्चना बैगा 97.25% , कक्षा उदय में रितेश विश्वकर्मा 93.5% , कक्षा प्रथम में अक्षरा बैगा 96.5% , कक्षा द्वितीय में आयुषी प्रजापति 885% , कक्षा तृतीय में अर्पिता नामदेव 94.26% , कक्षा चतुर्थ में पावनी गुप्ता 96.8% , कक्षा षष्ठ में भावना कुशवाहा 89.25% , कक्षा सप्तम् में अरव चतुर्वेदी 88.5% , कक्षा नवम्में धन्या सोनी 91% , कक्षा एकादश गणित समूह में सौरभ यादव 83.8% , कक्षा एकादश वाणिज्य संकाय में अनिकेत शिवहरे 82.4% ने प्रथम स्थान प्राप्त किए समारोह के मुख्य अतिथि श्री नंदलाल प्रजापति जी एवं अध्यक्ष श्री रमाशंकर शिवहरे जी सभी भैया बहनों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष एवं शुभकामनाएं दी हैं

## संतों का अपमान करना कांग्रेस की पुरानी आदत: दिलीप पाण्डेय



**बिरसिंहपुर पाली।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने मध्य प्रदेश कांग्रेस विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा साधु-संतों पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सनातन विरोधी मानसिकता फिर उजागर हुई है, जिससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है।श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सनातन धर्म और संस्कृति से परहेज करती आई है। जब जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है, तब उनके नेता संतों पर अनर्गल बयानबाजी कर अपनी हताशा जाहिर कर रहे हैं। कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता किसी से छिपी नहीं है। संतों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी शर्मनाक है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक रूप से संत समाज और हिंदू समाज से माफी मांगे तथा अपने विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।दिलीप पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस की नीति हमेशा से हिंदू समाज का अपमान करने की रही है। कभी सनातन धर्म की तुलना मलेरिया-डेंगू से की जाती है, कभी भगवा को आतंकवाद से जोड़ा जाता है और अब संतों को अपमानित किया जा रहा है। नेहरू से लेकर सोनिया-राहुल तक कांग्रेस का यही रवैया रहा है। कांग्रेस हिंदुओं को सिर्फ वोटबैंक की तरह इस्तेमाल करती है, चुनाव के समय मंदिरों में जाकर दिखावा करती है और फिर संतों का अपमान करती है।उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश का विभाजन किया, आपातकाल लगाया और हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया। हाल ही में कर्नाटक के बजट में हिंदू आरक्षण पर चोट की गई, जबकि बाबा साहब अंबेडकर ने आरक्षण की व्यवस्था हिंदुओं के कमजोर वर्ग के लिए की थी, न कि मुसलमानों के लिए।महाकुंभ 2025 में 70 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस पर भी आपत्तिजनक बयान दिए। उन्होंने पूछा कि जब इफ्तार से गरीबी दूर हो सकती है तो महाकुंभ से क्यों नहीं? कांग्रेस हमेशा हिंदू त्योहारों का विरोध करती है, लेकिन अन्य धर्मों के पर्वों पर चुप रहती है।कोरोना काल में जब कुछ लोग प्रशासन पर बोझ बन रहे थे, तब हिंदू संतों ने मठ-मंदिरों को अस्थायी अस्पताल बनाकर मानवता की सेवा की। संत त्याग, तपस्या और सेवा के प्रतीक हैं। संतों का अपमान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ३संतों का अपमान नहीं

## मिनी भारत है जमुना भालूमाडा- राम अवध सिंह



**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में आगामी त्यौहार 30 मार्च को चेट्री चंड्र उत्सव एवं गुड़ी पड़वा (चैत्र नवरात्र प्रारंभ ), 31 मार्च को ईद उल फितर, 6 अप्रैल को श्री रामनवमी एवं 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने के लिए थाना भालूमाड़ा में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने बताया कि हमारा जमुना कोतमा क्षेत्र मिनी भारत है यहां पर विभिन्न प्रदेशों के लोग निवास कर रहे हैं और वर्षो से यहां पर सभी धर्म संप्रदाय के लोग अपना-अपना त्यौहार शांति सद्भाव के साथ मनाते हुए आपसी भाईचारे को कायम रखें हैं क्षेत्र में कोई भी किसी भी धर्म का त्यौहार हो हर कोई एक दूसरे का सहयोग करते हुए अपनी सहभागिता निभाते हैं यह अलग बात है कि हर जगह कुछ ना कुछ ऐसे आसामाजिक तत्व भी होते हैं जो माहौल को खराब करने का प्रयास करते हैं जिसके लिए समाज के वरिष्ठ जिम्मेदार लोगों के द्वारा समझाइए देकर इन सब चीजों को रोकने में सफल हुए हैं और आगे भी हम सब लोग अपने क्षेत्र में शांति आपसी भाईचारा कायम रखने में सफल होंगे अपने जमुना भालूमाडॉ क्षेत्र में भलुमाडा में तीन स्थानों पर 31 मार्च को नमाज अदा की जाएगी ईदगाह में छोटी मस्जिद में और लाइन दफाई में वही जमुना ईदगाह में नमाज अदा होगी जहां पर साफ सफाई पानी टेंट बैठक व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा कराई गई है और यदि किसी प्रकार की कोई समस्या या कोई जरूरत होती है उसके लिए नगर पालिका प्रशासन तैयार है शासन के दिशा निर्देश के अनुसार चैत्र रामनवमी में मुख्य बाजार व सड़क के किनारे खुले आम अंडा मटन मुर्गा मछली की विक्रय पर रोक है जिसका सभी दुकानदार पालन करें। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा आगामी चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए ईद उल फितर की भी मुबारकबाद देते हुए सभी को शुभकामनाएं दिए। बैठक में थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से अपना अपना त्यौहार मनाने की अपील किए। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपनी अपनी बात रखी वही सभी ने इस बात को स्वीकार किया की क्षेत्र में हमेशा से आपसी भाईचारा शांति का माहौल रहा है और इस बार भी हम सब मिलजुल कर अपने क्षेत्र की शांति व्यवस्था आपसी भाईचारे को बरकरार रखते हुए अपना-अपना पर्व अपना-अपना त्यौहार मनाएंगे।

## सरस्वती शिशु उमावि अनूपपुर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत रहा



**अनूपपुर।** अनूपपुर सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा अरुण से एकादश तक वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024 25 घोषित किया गया कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को मार्कशीट के साथ शील्ड प्रदान की गई साथ ही मिठाई वितरित की गई कक्षा अरुण में प्रथम स्थान फ़ैजाल खान 85.6 प्रतिशत दूसरा स्थान कार्तिक रविदास 85.5, उदय कक्षा में प्रथम स्थान अनाया सोनी 86.8 प्रतिशत के साथ एवं दूसरा स्थान शैलजा नापित 86.1 अर्जित किए, प्रभात कक्षा में प्रथम स्थान स्नेहा सोनी 88.2 प्रतिशत दूसरे स्थान पर अनन्या सिंह 87.5 प्रतिशत, प्रथम कक्षा में प्रथम स्थान साहिल राठौर 88.6 प्रतिशत एवं दूसरा स्थान दिलखुशी खादन ने 88.3 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान रविकांत राठौर 91 एवं द्वितीय स्थान आंचल गुप्ता 90.3 प्रतिशत अर्जित किए, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान कार्तिक ताम्रकार एवं द्वितीय स्थान में दीप्ति यादव 88.7 प्रतिशत अर्जित किए, कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान पर अध्या राय 83 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर अंशुमान सिंह 79 प्रतिशत अर्जित किए पंचम कक्षा में अन्नू चौधरी ने 82 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान पर आयुषी गुप्ता 78 प्रतिशत अर्जित किए, सप्तम में प्रथम स्थान आयुष गुप्ता 85.8 एवं द्वितीय स्थान पर रहे सौरभ यादव 85.5 प्रतिशत अर्जित किए, आठवीं कक्षा प्रथम स्थान में दो भैया रहे आदित्य उपाध्याय 87.5 एवं मातानसे शितोले 8.5 ने अर्जित किया एवं दूसरा स्थान श्रृति वर्मा 83 प्रतिशत अर्जित की। नवमी में प्रथम स्थान पर दीपिका तिवारी 92.4 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान शिखा नापित ने 90 प्रतिशत अर्जित किए, एकादश में कक्षा में प्रथम स्थान कीर्ति वर्मा ने 79.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान शेखर नापित 78.4 तृतीय स्थान आंचल पटेल 70 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार को नाम रोशन किया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के शहडोल विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा एवं अध्यक्षता समिति के व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने की संस्था के प्राचार्य सतीश सिंह एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही प्रधानाचार्य नित्यानंद श्रीवास्तव द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन आचार्य संतोष शुक्ला ने किया।

## भीषण गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराने पेड़ों में लटकाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग जिला संगठक डीआर आरपी सिंह के नेतृत्व में महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह पक्षियों के लिए स्कोर पानी दाना के साथ पेड़ों पर टांगे गए।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एमपी यादव जी ने कहा कि यदि हम लोग जागरुक नहीं होंगे तो आने वाले समय में पक्षियों की संख्या दिन प्रतिदिन घाट करके विलुप्त हो जाएगी जो अत्यंत दुखद है उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम उनके लिए दाने पानी की उचित व्यवस्था करें जिससे उनका जीवन सुरक्षित रह सके इस अवसर पर डॉ माधुरी गर्ग ने भी छात्रों से स्वयंसेवकों से अनुरोध किया है कि आप अपने घर में भी पक्षियों के लिए सकोरों में पानी भरकर रखें दरवाजे पर बाल्टी में बड़े टब में पानी भर कर रखें जिससे पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके और गर्मियों में उन्हें परेशानी का अनुभव न हो सके जल ही जीवन है जल रखने मात्र से प्रकृति के यह जीव बच जाएंगे और हमें आंतरिक अनुभूति प्राप्त होगी।

इस अवसर पर डॉक्टर वहीं के द्विवेदी विभाग अध्यक्ष भूगोल एनएसएस स्वयं सेवक कुमारी लक्ष्मी रैदास महक चौधरी आदि मौजूद रहीं।

*महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी से लोगों में भारी आक्रोश*

## सपा सांसद के पुतले को भैंस पर बैठाकर निकाली बारात, दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व समस्त राजपूत समाज ने सपा राज्यसभा संसद रामजी लाल सुमन की सदस्यता समाप्त कर राष्ट्र द्रोह का मामला पंजीबद्ध करने की मांग की। सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा सांसद में क्षत्रिय शिरोमणि वीर हिंदू हृदय सम्राट महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी महाराणा सांगा के विरुद्ध अश्वनी शब्दों का प्रयोग किया जिससे संपूर्ण भारतवर्ष का क्षत्रिय समाज हुआ हिंदू समाज आक्रोशित है। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन अभी भी अपनी टिप्पणी पर अधिक है और माफी मांगने को तैयार नहीं है जिससे कटनी जिले का संपूर्ण क्षत्रिय राजपूत व हिंदू समाज आक्रोशित है। जिसके चलते कटनी जिले का क्षत्रिय राजपूत समाज ने विरोध जताते हुए सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला भैंस पर बैठालकर ढोल बाजे के साथ बारात निकली।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया कि राजनीति के चलते राजपूत समाज को टारगेट बार-बार किया जा रहा है कई फिल्म डायरेक्टर द्वारा भी क्षत्रिय समाज के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर फिल्मों में दिखाकर क्षत्रिय समाज की छवि धूमल की जाती है।

करणी सेना परिवार से जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने व्यक्त किया हम अपने महापुरुषों का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे अगर हमें छोड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं संसद तक विरोध करेंगे।

क्षत्रिय समाज द्वारा ज्ञापन देकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग की की राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को राज्यसभा सदस्य से बर्खास्त किया जावे तथा राज्यसभा सांसद के अंदर आने पर पाबंदी लगाई जावे तथा महापुरुष महाराणा सांगा व हिंदू समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर गद्दार कहीं जाने पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया जावे।

यदि उक्त संसद के विरुद्ध सदस्य भंग नहीं की जाती है और राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज नहीं किया जाता है तो क्षत्रिय समाज यह मानेगा की राज्यसभा के समस्त सदस्य रामजीलाल सुमन के वक्तव्य को समर्थन करते हैं और संपूर्ण भारत वर्ष का क्षत्रिय समाज संसद का घिराव करने को मजबूर होगा।

### नगर निगम में हितग्राहियों को वितरित हुए स्वीकृति पत्र

## श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 28 मार्च को सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के तहत 23,162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कटनी नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी,आयुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उपस्थित 11 श्रमिक हितग्राहियों को 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। निगम सीमांतर्गत कुल 23 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान महापौर सूरी ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को धन्यवाद प्रेषित किया, जिसके अंतर्गत गरीबों असहाय, लोगों को इस योजना के तहत आर्थिक लाभ मिल पा रहा है।

विदित हो मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। निगम अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आयी उत्तराधिकारी हितग्राही मनोरमा बड़गैयां ने बताया कि अक्टूबर 2023 में कैंसर के कारण 47 वर्ष की उम्र में उनके पति उमकान्त बड़गैयाँ की मृत्यु हो गई।उनकी 2 संतान हैं,बीमारी के इलाज के दौरान भी अत्यधिक पैसे लग चुके थे,जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक प्रभावित हुई ,किंतु मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना संबल योजनांतर्गत आज उन्हें दो लाख रुपये की राशि हेतु स्वीकृति आदेश मिला जिससे उपयोग वे अपने बच्चों की शिक्षा में कर सकेंगी।

## साफ-सफाई एवं कानून व्यवस्था के सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ईद का त्योहार 31 मार्च को या चांद दिखने अनुसार मनाया जाएगा। जिला शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार मुख्य नमाज ईदगाह पर प्रातः सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके अतिरिक्त कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत अन्य मस्जिदों में प्रातरू 8 बजे से 11 बजे तक नमाज़ अदा की जायेगी। इस दौरान मस्जिदों में साफ-सफाई और शांति एवं कानून व्यवस्था का दायित्व कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया है। कलेक्टर ने एसपी, सीईओ जिला पंचायत, सीएमएचओ आयुक्त नगर निगम, सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उक्त स्थानों में साफ सफाई, पर्याप्त पुलिस बल, प्रकाश व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य चिकित्सक की ड्यूटी लगाने, सड़कों से गड्डों को भरकर मार्ग सुधार करने, ब्लीचिंग पाउडर छिडकाव करने एवं पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र.रा.वि.मं. को निर्देश दिए है। साथ ही आयुक्त नगर निगम एवं सूबेदार यातायात कटनी को मस्जिद के मार्ग में बैठे हुए आवारा जानवरों को हटाने एवं उचित व्यवस्था हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने, कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना लाइन, प्रकाश एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था हेतु प्रातः 7.30 बजे से 11 बजे तक मिशन चौक, चांडक चौक, ईदगाह एवं कब्रिस्तान तक परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के प्रयासों से बनी रोड, जताया आभार



**अनूपपुर।** अमृत स्टेशन योजना के तहत अनूपपुर रेलवे स्टेशन एरिया में व्यापक विकास के कार्य विगत 06 माह से हो रहे है। इस कार्य में मटेरियल एवं अन्य कार्य हेतु भारी वाहन निरंतर शिवम् रेलवे कालोनी से होकर आना जाना कर रहे थे, जिसके कारण शिवम रेलवे कालोनी की रोड़ में बहुत ज्यादा खराब हो गये रेलवे कालोनी रोड़ में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण रेलवे कालोनी के वासियों को बहुत तकलीफ़ हो रही थी। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के नवनियुक्त शाखा सचिव जयंतोदास गुप्ता ने बताया की शिवम् रेलवे कालोनी अनूपपुर में निवासरत महिलाओं ने रेलवे कालोनी के रोड़ को सुधार करने की मांग मजदूर कांग्रेस से की थी रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर ने विगत 29 फरवरी व 01 मार्च को संपन्न हुए पीएनएम बैठक बैठक मद क्रमांक 48 में अनूपपुर रेलवे कालोनी की रोड़ एवं अन्य समस्याओं को डीआरएम बिलासपुर के समक्ष रखा था। इस बीच गुप्त मतदान चुनाव 24 होने के कारण बैठक नहीं हो पाईं थीं, गुप्त मतदान चुनाव 24 जीतने के बाद मजदूर कांग्रेस ने पहले पीएनएम बैठक 12 व 13 मार्च 2025 को रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने अपर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर योगेश कुमार देवांगन के समक्ष शिवम रेलवे कालोनी की खराब रोड को तत्काल सुधारने की मांग प्रमुखता से रखी। गंभीर समस्या को देखते हुए एडीआरएम बिलासपुर सख्त निर्देश जारी कर उक्त कालोनी रोड़ सुधारने का आदेश दिया मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेल प्रशासन के आदेश पर 25 मार्च को शिवम रेलवे कालोनी का रोड नया बना दिया गया। कालोनी रोड बनने पर शिवम रेलवे कालोनी की महिला मंडल एवं रेल कर्मचारियों ने मजदूर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता व सभी मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के पदाधिकारियों को बुके देकर स्वागत कर आभार जताया।

### जंगलों को आग से बचाने के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अनूपपुर।** अमरकंटक वन परिक्षेत्र में विगत दिनों आगजनी की कई घटनाएं देखने को मिली है। गौरतलब है की जिला में सक्रिय रूप से कार्यरत संस्था प्रणाम नर्मदा युवा संघ द्वारा विगत कई वर्षों से वन एवं पर्यावरण के मुद्दे पर सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले गांव वालों से बातचीत करते हुए शुरू किया गया। ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जंगलों में आग कैसे लगती है, आग लगने से क्या नुकसान है। वनो को आग से बचाने के लिए रेंज सहायक जमुना सिंह मार्को ने बताया कि जंगल में आग कैसे आग लगते हैं, अपने वक्तव्य में बताया कि शिकारी लोगों के आग लगाने के कारण, चरवाहे लोग के लगाने से, अतिक्रमण विचार वाले व्यक्ति से आग लगाया जाता है। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि लोगों को जंगल को बचाने के लिए स्वयं जागना होगा और दूसरों को जागना होगा जंगल को अपने आने वाली पीढ़ी के लिए संरक्षित करने के लिए प्रत्येक नागरिक को कदम उठाने होंगे। ग्राम के सरपंच चंद्रभान सिंह द्वारा बताया गया कि जंगल हमारे क्षेत्र के लिए जीवन जैसा महत्वपूर्ण है एक दशक पहले इस क्षेत्र में जितनी गर्मी होती थी आज उससे कई गुना गर्मी है जंगल ना होने से बारिश में भी गिरावट देखने को मिल रही है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष विकास संदेश ने जल जंगल और जमीन के महत्व को बताते हुए समुदाय के प्रति उनके कर्तव्य हेतु लोगों से आवाहन किया गया, जनजाति एवं ग्रामीण समुदाय में जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक अवसर पर पेड़ों के महत्व को उजागर किया गया साथ ही समुदाय के देवी देवताओं के साथ पेड़ और प्रकृति को जोड़कर उसके महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ताली के सरपंच चंद्रभान सिंह, उप सरपंच रायसिंह, सचिव फूलचंद्र सिंह, वन विभाग के कर्मचारी रेंज सहायक भूण्डाकोना जमुना सिंह मार्को, फॉरेस्टर गार्ड लपटी कृष्कुमार सिंह मरकाम, फॉरेस्ट गार्ड ताली दिव्यदाश सोनवानी, प्रनयुस के सक्रिय सदस्य माखन सिंह धुर्वे अविनाश आनंद, मंगल दीपक अर्जुन विजय, अंकुर धुर्वे सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## इस बार की चैत्र नवरात्रि में बन रहे पांच विशेष योग

# माता की सवारी हाथी के कारण सुख समृद्धि से पूर्ण होगी नवरात्रि

### नवरात्रि पूर्व पवित्र नगरी अमरकंटक में श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना

अनूपपुर।



इस बार नवरात्रि का त्योहार 30 मार्च से शुरू होगा और छह अप्रैल तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के दिनों में पांच विशेष योग बनने और माता की सवारी हाथी होने के चलते इस बार की नवरात्रि इस बार नवरात्रि का त्योहार 30 मार्च से शुरू होगा और छह अप्रैल तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के दिनों में पांच विशेष योग बनने और माता की सवारी हाथी होने के चलते इस बार की नवरात्रि सुख समृद्धि से पूर्ण होगी। इस बार नवरात्रि में सर्वार्थ सिद्ध, ऐंद्र, बुद्ध आदित्य, शुक्र आदित्य, लक्ष्मी नारायण योग बनने से नवरात्रि विशेष फलदायक होगी। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे शक्ति की पूजा और आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। यह पर्व साल में चार बार मनाया जाता है, जिनमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। स्थापना का शुभ मुहूर्त 2025- घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ होगा और सुबह 10 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना की कुल अवधि 50 मिनट की रहेगी। त्रिपाठी जी बताते है की नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना करते समय सबसे पहले सभी देवी-देवताओं का आह्वान करें। एक मिट्टी के बड़े पात्र में मिट्टी डाल दें और इसमें ज्वारे के बीज डालें। उसके बाद सारी मिट्टी और बीज डालकर पात्र में थोड़ा-सा पानी छिड़क दें। अब गंगाजल भरे कलश और ज्वारे के पात्र पर मौली बांध दें। जल में सुपारी, दर्वा घास, अक्षत और सिक्का भी डाल दें। अब कलश के किनारों पर आम के 5 पत्तों को रखें और कलश का ढक्कन से ढक दें। एक नारियल लें और उसपर लाल कपड़ा या चुनरी लपेट दें। नारियल पर मौली बांध दें। इसके बाद कलश और ज्वारे स्थापित करने के लिए सबसे पहले जमीन को अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद ज्वारे वाला पात्र रखें। उसके ऊपर कलश स्थापित करें और फिर कलश के ढक्कन पर नारियल रख दें। फिर सभी देवी-देवताओं का आह्मान करने के साथ नवरात्रि की विधिवत पूजा आरंभ करें। कलश स्थापित करने के बाद नौ दिनों तक मंदिर में रखे रहना चाहिए। सुबह-शाम आवश्यकतानुसार पानी डालते रहें।

### नवरात्रि पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही ईष्ट देवी देवताओं की पूजा अर्चना

पवित्र नगरी अमरकंटक के पावन सलिला माँ नर्मदा नदी के रामघाट तट में इन दिनों मध्य प्रदेश के मालवा अंचल के भक्त श्रद्धालु पुरुष महिलाएं अपने ईष्ट आराध्य कुल देवी देवताओं की पूजन अर्चन आराधना तप साधना हेतु प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में यहां आ रहे हैं यह क्रम शायं से शुरू होकर देर रात एवं सुबह सूर्यादय तक अनवरत चलता है महिलाएं एवं पुरुष रतजगा कर पूजन आरती मान मनौती करती हैं। परंपरागत ढोल नगाड़ा वाद्य यंत्रों के धुन में आरती पूजन झूमते गाते नाचते तप साधना में लीन रहते हैं। इंदौर के पास के गांव से लगभग 80/85 लोगों का एक दल इस हेतु आया उन्होंने बताया कि हम लोग शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि में नर्मदा तट में अपने आराध्य की पूजन अर्चन हेतु आते हैं। अमरकंटक का मौसम बहुत सुहाना है पसंद आता है इसी तरह शाजापुर धार रायसेन राजगढ़ जिले के आसपास के गांव से भी भारी तादाद में भक्त श्रद्धालु गण पवित्र नगरी अमरकंटक आ रहे हैं मालवा अंचल के भक्त श्रद्धालुओं द्वारा आराध्य की पूजन अर्चन श्रद्धा भक्ति तप साधना का यह कम अमावस्या तिथि तक निरंतर चलता रहेगा। इंदौर से आए भक्त श्रद्धालुओं ने बताया कि हम लोग नाग देवता की पूजन अर्चन करते हैं यह हमारे आराध्य एवं कुल देवता हैं हमारे समाज परिवार की रक्षा करते हैं हम सब का इन पर पूरा भरोसा है वहीं शाजापुर के भक्त श्रद्धालु ने बताया कि हमारे आराध्य कुलदेवी काली मैया हैं। मालवा अंचल के भक्ति श्रद्धालु गण एकादशी से अमावस्या तक पूजन अर्चन हेतु पवित्र नदियों में आते हैं भक्त श्रद्धालु पूजन अर्चन के दौरान पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र की पूजा भी करते हैं जो देवी देवताओं के पास रखा जाता है कई भक्त श्रद्धालुओं को देवी देवताओं के भाव भी आते हैं जो मस्त होकर घूमते हैं उनसे साथ आए भक्ति श्रद्धालु मनोकामना मांगते हैं तथा अपनी हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना भी करते हैं दया भाव आशीर्वाद मांगते हैं। उक्त पूजन अर्चन में हर वर्ग जाति के लोग होते हैं।

### नवरात्रि में घर-घर भगवा ध्वज लगाने की अपील

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुआत 30 मार्च रविवार से बैठकी के दिन के साथ हो रही है, जो 6 अप्रैल को रामनवमी तक पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भारतीय गण वार्ता पार्टी के अनूपपुर जिलाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने जिले के समस्त हिंदू, सनातनी, धार्मिक एवं सामाजिक जनों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर इस धार्मिक पर्व की गरिमा को और भी ऊँचाई दें। जिलाध्यक्ष द्विवेदी ने कहा कि भगवा ध्वज केवल एक रंग या वस्त्र नहीं, बल्कि हिंदू धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान का अमिट प्रतीक है। यह ध्वज भारत के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाता है। यह रंग त्याग, बलिदान, शौर्य, साहस, सेवा, ज्ञान और शुद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि भगवा ध्वज छत्रपति शिवाजी महाराज, प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और महाभारत के महान योद्धा अर्जुन के रथों पर लहराता था। यह रंग भारतीय आत्मा की ऊर्जा, विश्वास और संकल्प का प्रतीक है। चैत्र नवरात्रि, जो कि मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का पर्व है, न केवल धार्मिक बल्कि आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह नौ दिन शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के होते हैं। इस शुभ अवसर पर भगवा ध्वज का धारण करना सनातन संस्कृति के प्रति हमारी निष्ठा और सम्मान का प्रतीक है।

# किसानों ने अमरूद व लाख की खेती पर प्राप्त किया तकनीकी प्रशिक्षण




अनूपपुर।

बाएफ लाइवलिहूड्स मप्र एवं नाबार्ड आदिवासी विकास निधि के सैयुक्त तत्वाधान मे संचालित वाड़ी विकास कार्यक्रम, वि ख जैतहरी जिला अनूपपुर, जो की वि ख जैतहरी के चयनित 9 ग्राम मे आदिवासी किसानो की जीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यरत हैं, यह परियोजना से 2024 से 2029 तक स्वीकृति हैं जिसमे 450 परिवारों मे फलदार पौधों का बगीचा लगाना, बहु स्तरीय सब्जी की खेती इंटरक्रॉपपिंग के रूप मे, जल संसाधन का विकास करना तथा 50 भूमि हीन परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के आलावा, महिलाओ को प्रशिक्षण तथा ग्राम मे स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाओं को प्रदान करना, नौ गाँव मे सभी पशुपालक परिवारो को पशुओ मे नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा प्रदान किया जाना हैं। इस परियोजना के तहद 29 मार्च को सूर्या हॉटल अनूपपुर मे विकास खण्ड जैतहरी के परियोजना अन्तर्गत ग्राम के 50 किसानो को baif livelihoods भोपाल से आयी कृषि विशेषज्ञ नेहा खन्ना ने किसानो को अमरुद की खेती पर तकनिकी प्रशिक्षण दिया जिसमे पौधा पोषण एवं पौध संरक्षण पर विशेष प्रकाश डाला। इसी के साथ हार्ड संस्थान के प्रमुख सुशील शर्मा जो की अनूपपुर जिले मे किसानो को जीविका सुधार एवं तकनिकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। सुशील शर्मा ने किसानो को लाख एवं सेमिलता की खेती पर तकनिकी प्रशिक्षण दिया साथ ही लाख की खेती के लिए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस शैक्षणिक प्रशिक्षण की अगुवाई गोविन्द सिंह भगत परियोजना अधिकारी तथा गणपत राव ठाकरे नवीन राहाँगडाले परियोजना सहायक ने की। जिस दौरान बाएफ भोपाल से अधिकारी, नेहा खन्ना एवं हार्ड संस्थान से सुशील शर्मा तथा टीम तथा अनूपपुर के वाड़ी प्रतिभागी, हेमंत, बाबूलाल सिंह, भद्दू सिंह, शिव प्रसाद सिंह, बिसाहुलाल, हीरा सिंह, गोविन्द सिंह, टीकम सिंह, प्रेम सिंह विश्वनाथ,चरन, बालगोविन्द, रघुनाथ सिंह, केशव सिंह आदि सहित 50 किसान उपस्थित रहे।

## शनि अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई डुबकी

# पितरों का किया तर्पण, पीपल पर चढ़ाया जल



अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में आज चैत्र मास की अमावस्या पर दूर-दूर से आए भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों ने पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के पावन तट रामघाट पुष्कर बांध एवं आरंडी संगम तट में आस्था की डुबकी लगाई स्नान किया तथा दर्शन कर पूजा दर्शन किया तथा साथ ही भक्त श्रद्धालुओं ने शनि अमावस्या के पावन अवसर पर पीपल के वृक्ष पर जल चढ़ाया एवं भगवान शनि देव महाराज की प्रतिमा पर जल चढ़ाया पुष्प चढ़ाए तेल चढ़ाया तथा काला तिल काला काला काला उड़द काला वस्त्र एवं सिक्का आदि चढ़ाकर पूरे मनोयोग से धार्मिक भावना के साथ पूजन आरती अभिषेक किया तथा अपनी हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की तथा मन्नत मनौती मांगी। सुबह से ही भक्त श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों के द्वारा नर्मदा नदी में स्नान दर्शन पूजन अर्चन का क्रम शुरू हो गया था जो शायं कल तक निरंतर चलता रहा। मालवा अंचल के जिलों से भारी तादाद में आए भक्त श्रद्धालुगण भी नर्मदा स्नान दर्शन पूजा अर्चन करते रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि चैत्र कृष्ण पक्ष की अमावस्या श्राद्ध अमावस्या के पावन अवसर पर भक्त श्रद्धालु गण अपने अपने मृतक प्राणियों का पूरे विधि विधान के साथ पिंडदान तर्पण तथा भगवान विष्णु के प्रतीक पीपल वृक्ष को जल स्नान तथा कलश में जल दान पूजन अर्चन हवन आदि करते रहे तथा गरीब जनों को यथाशक्ति अनुसार अन्नपूर्णा दान एवं अन्य धनराशि का दान करते रहे ताकि मृतक प्राणी को सद्गति मोक्ष गति को प्राप्त हो। विशेष उल्लेखनीय है कि शनि अमावस्या के शुभ अवसर पर पूजन अर्चन दर्शन का विशेष महत्व माना एवं बताया गया है। शनि अमावस्या के अवसर पर लगभग 12-15 हजार से भी अधिक भक्त दर्शनार्थियों ने श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों ने स्नान किया डुबकी लगाई तथा मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन किया।

# हाथियों के धमाचौकड़ी से परेशान ग्रामीण

## लगातार पहुंचा रहे नुकसान, समझाइश तक सीमित वन अमला

अनूपपुर।



एक हाथी विगत 10 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील, वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्र में निरंतर विचरण कर रहा है वही दो नए हाथी शनिवार की सुबह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत चोलना गांव से लगे छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा मरवाही क्षेत्र में पहुंचकर विश्राम कर रहा है जिसके देर रात चोलना गांव में प्रवेश करने की संभावना बन रही है, ग्रामीणों द्वारा पूरी रात अपने इलाके से हाथियों को दूर करने में लग रहे हैं, हाथी द्वारा शाम से पूरी रात ग्रामीणों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाता रहा। विदित है कि एक दांत वाला एक नर हाथी विगत 10 दिनों से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को एक बार फिर पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील,वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्र निरंतर विचरण कर रहा है जो दिन होते ही जंगलों में प्रवेश कर दिन भर विश्राम करने बाद शाम होते ही आहार की तलाश में जंगल से निकल कर 8 से 10 किलोमीटर की दूरी के मध्य स्थित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होने पर फिर से जंगल में विश्राम करने चला जा रहा है। शुक्रवार को पूरे दिन यह एक दांत वाला नर हाथी गोबरी के जंगल में ठहरने बाद शाम 4 बजे जैतहरी-राजेंद्रगाम का मुख्य मार्ग को ठाकुर बाबा के पास से पार करते हुए जंगल में स्थित गोबरार नाला में पानी पीने एवं नहाने बाद शाम 5 बजे फिर से जैतहरी-राजेन्दगाम मुख्य मार्ग पर डिईयो राड के पास से पार मुख्य मार्ग में चलता हुआ गोबरी के जंगल में जाने बाद ठाकुरबाबा के पास स्थित सुखीलाल राठौर के खेत में लगी गेहूं की फसल को कई घंटे तक खाते हुए ग्रामीणों के भगाए जाने पर गोबरी से ठेंगरहा से झुरहीतलैया एवं बडवार नाला पार कर देर रात पगना गांव पहुंचकर कुछ किसानों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को खाता रहा ग्रामीण द्वारा ट्रैक्टर एवं हो-हल्ला कर इस हाथी को अपने इलाके से बाहर किया जिससे यह ग्राम पंचायत पगना के बांका गांव में स्थित महदोले सिंह, छोटेलाल सिंह के खेतों में देर रात तक फसलों को खाते हुए शनिवार की सुबह बांका से भदराखार होकर फिर से गोबरी मे सुखीलाल राठौर के खेत में लगी गेहूं की फसल को खाता हुआ गोबरी के जंगल में जाकर ठहरा हुआ है। वही दो नए मेहमान हाथी शुक्रवार की शाम, रात वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र मरवाही के मालाकोट के जंगल में दिनभर ठहरने बाद देर रात चलते हुए शनिवार की सुबह शिवनी बीट के अंतर्गत ग्राम मालाडांड, करहनी के जंगल 2085 में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत चोलना की सीमा से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है जिससे दोनों हाथियों के शनिवार की देर रात तक चोलना गांव में प्रवेश करने की संभावना बन रही है। वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथी के निरंतर विचरण पर निगरानी करते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क कर रहे हैं वही हाथी वनविभाग की टीम एवं ग्रामीणों को चकमा देते हुए नए-नए स्थान पर जाकर विचरण कर रहा है।



# ई-फाईलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश पी0सी0 गुप्ता, जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर के मार्गदर्शन में 27 मार्च को सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-फाईलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम पवन कुमार शंखवार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार शंखवार जिला न्यायाधीश द्वारा सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-फाईलिंग के बारे में जानकारी दी गई जिसमें अधिवक्ताओं को न्यायालय में नवीन प्रकरणों को ई-फाईलिंग के माध्यम से कैसे ऑनलाईन किया जाता एवं उपयोगिता के संबंध में अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुनील कुमार खरे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखंड, निखिल सिंघई व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखंड एवं अधिवक्ता रज्जू सिंह नेताम अध्यक्ष अधि0 संघ, विनोद सिंह, राकेश प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, रामचंद्र गुप्ता, संतोष मिश्रा, धीरेन्द्र पाण्डेय, वंशपाल टांडिया, प्रकाश वर्मा, सुश्री रक्षा सिंह, दिलराज सिंह, राजेश उइके, मोतीलाल सिंह श्याम, नरेश सिंह आर्मो, फूलचंद सिंह धुर्वे, शंकर लाल महोबे, सन्त कुमार तेन्द्रो, अभिषेक सिंह, कुंवर प्रकाश सिंह चौहान, सुन्दरलाल वास्पे, राजेश चंद्रवंशी, नारेन्द्र सिंह धुर्वे, देवेन्द्र सिंह, ओमप्रकश धुर्वे सहा. असिस्टेंड, जमूना प्रसाद ग्रेड-3 उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंह जूनियर सिस्टम असिस्टेंट अनूपपुर एवं अमित कुमार गर्ग आई.टी.असिस्टेंट राजेन्द्रग्राम के द्वारा किया गया।

## आज मनाई जायेगी श्री झूलेलाल जयंती

**अनूपपुर।** भारतीय सिंधु समाज एवं भारतीय सिंधु नवयुवक मण्डल अनूपपुर द्वारा आज श्री झूलेलाल जयंती मनाई जायेगी। जिसमे भंडारा एवं भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज 11:30 बजे श्री झूलेलाल सांई जी की आरती से कार्यक्रम की शुरूआत होगी वही 12 बजे महिला भजन मण्डल का कार्यक्रम होगा तो 1 बजे से प्रसाद वितरण एवं भंडारा प्रारंभ होगा जिसके बाद 4 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम स्थल सिंधी धर्मशाला अनूपपुर होगा।

